पंजाब केसरी 02/03/2023

# सिविल सर्विस की तैयारी कैसे करें, विषय पर किया व्याख्यान का आयोजन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व जानकारी देते मुख्यवक्ता। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 1 मार्च (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता और डा. अनुपमा सिंह के नेतृत्व में कॉलेज में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह आयोजन मनोविज्ञान विभाग और प्लेसमैंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में सिविल सर्विस की तैयारी, रोल ऑफ साइकोलॉजी विषय पर हुआ, जिसमें निजी एकेडमी से नमन शर्मा मुख्यातिथि रहे।

प्राचार्य ने कहा कि उनके लिए यह गर्व की बात है कि उनके जैसी संस्था निःस्वार्थ भाव से बच्चों का सिविल सर्विस में किस प्रकार पर्दापण और संभावनाएं होती हैं, जी.एम.एन कालेज विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए वचनबद्ध है।

इसी श्रृंखला में अकादमी के संयोजक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को एक नई दिशा और दशा प्रदान करना इस अकादमी का मुख्य उद्देश्य है।

डा. अनुपमा सिहाग ने कहा कि मनोवैज्ञानिक विभाग शिक्षार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए भी पर्याय है। इस वर्कशॉप में डा. सुरेंद्र कुमार, डा. राकेश कुमार, डा. रवनीत कौर, श्याम रेहजा और अमनीश कुमार उपस्थित रहे।